तापमान
अधिकतम 31.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि
# वनांचल भूमि
रायपुर, गुरुवार 13 जून 2024

बस्तर | दंतेवाड़ा | बीजापुर | सुकमा | कांकेर | कोण्डागांव | नारायणपुर

12 घर पहुंचाकर दिव्यांग व वृद्धजनों को दी जाएगी ...



13 ग्रामीणों के बीच पहुंचे विधायक सीधे संवाद कर जानी समस्याएं



REGISTRATION OPEN
PHARMACY
D.PHARMA-B.PHARMA
M.PHARMA
NURSING
B.SC./POST BASIC/
M.SC.NURSING, GNM
SHRI RAWATPURA SARKAR GROUP OF INSTITUTIONS
7222910430/41

# मंडी समिति निधि से ग्रामीण क्षेत्रों में बनाई जाएंगी सड़कें व पुलिया, मिलेंगी बुनियादी सुविधाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर

अलग खबर

कृषि उपज मंडी समिति निधि से पहले धान उपार्जन केन्द्रों में चबूतरे, गोदाम का निर्माण कर रहे थे। अब मंडी क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्रामीण क्षेत्रों में विकास की गंगा बहाने के लिए पुलिया, पहुंच मार्ग का निर्माण कार्य किया जाएगा। सड़कों के अलावा लोगों को बुनियादी सुविधाएं मिलेंगी।

राज्य शासन ने पहली बार मंडी समिति निधि का उपयोग ग्रामीण क्षेत्रों में विकास कार्य करने के लिए आदेश जारी किया है। इसके तहत बस्तर संभाग के 4 जिलों बस्तर, कोंडागांव, कांकेर एवं सुकमा क्षेत्र के 67 गांवों में आरसीसी पुलिया, पहुंच मार्ग का निर्माण किया जाना है। शासन के निर्देश पर संभाग के कृषि विपणन मंडी बोर्ड के जेडी ने संभाग के 11 कृषि उपज मंडी के सचिवों की बैठक ली। इसमें उन्होंने बताया कि मंडी समिति प्रत्येक वर्ष के बजट का निर्माण करेगी तब वह यह अनुमान करेगी कि उक्त वित्तीय वर्ष में मंडी समिति को कितनी आय होने की संभावना है। संभावित आय में से स्थाई निधि, आरक्षित निधि, बोर्ड शुल्क, स्थापना व्यय, स्टेशनरी व्यय एवं अन्य आवश्यक व्यय घटाने के पश्चात जो राशि शेष बचती है, उसे निर्माण कार्यों के लिए संभावित उपलब्ध राशि ▶▶ शेष पेज 12 पर

## संभाग के 4 जिलों के 67 गांव में सड़क व पुलिया का होगा निर्माण

### ऐसे गांव जहां होंगे निर्माण

*बताया जा रहा है कि बस्तर संभाग के जामगांव, छिंदवाड़ा, कुरेंगा, छापाभानपुरी, कोकावाड़ा, कोड़ेनार, तुरांगुर, बड़ेकिलेपाल, मुतनपाल, बुरूंगपाल सहित लगभग 67 गांव में ग्रामीणों की सुविधा के लिए पुलिया एवं सड़क का निर्माण किया जाएगा।*



### ग्रापं के पदाधिकारियों से बात करें

कृषि विपणन मंडी बोर्ड बस्तर संभाग के संयुक्त संचालक श्रीनिवास मंगम ने सचिवों की बैठक लेकर निर्देश दिया कि संभावित गांव के ग्राम पंचायतों के पदाधिकारियों से निर्माण कार्यों की बात करें। उसके बाद निर्माण कार्य का प्रस्ताव बनाकर भेजें, जिससे निर्माण कार्य की प्रक्रिया शुरू कर सकें।


## खबर संक्षेप



### आकाशीय बिजली गिरने से 6 मवेशियों की मौत

**बीजापुर।** आकाशीय बिजली गिरने से छह मवेशियों की मौत हो गई है। घटना बड़े तर्रेम की बतायी जा रही है। मिली जानकारी के अनुसार मंगलवार को देर रात बड़े तर्रेम में आकाशीय बिजली की चपेट में आने से वहां के किसान पद्म सतेन्द्र, कडती जोगा, कडती सुकलू, कडती बुधरी, पदम आयती, पदम सोमलू और उयका बुधरी के मवेशियों की मौत हो गई है। तहसीलदार उसूर सूर्यकांत धरत ने बताया कि घटना की खबर लगने के बाद राजस्व निरीक्षक का दल मौके पर पहुंचकर पंचनामा लेकर प्रकरण तैयार कर लिया है। उन्होंने बताया कि शासन की ओर से जांच पड़ताल कर राजस्व पुस्तक परिपत्र के खंड 6-4 के तहत मुआवजा दिया जाएगा।

### लाइन में बैठे कबूतरों से बंद हुई बिजली



**जगदलपुर।** बस्तर संभागीय मुख्यालय शहर के विद्युत लाइन पर पक्षियों का बसेरा होने से बिजली बंद एवं आगजनी की संभावना बढ़ी है। वहीं दूसरी ओर बिजली बंद होने से उपभोक्ताओं को भीषण गर्मी में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बताया जा रहा है कि बुधवार की शाम कमिश्नर कार्यालय से चांदनी चौक स्थित विद्युत लाइन में कबूतरों के बैठने से बिजली बंद हुई, इससे बहाल करने में विद्युत कर्मचारियों को मशक्कत करनी पड़ी। इस दौरान कनिष्ठ अभियंता डीसी मांझी के नेतृत्व में लाइनमेन जुटे रहे।

## गड़बड़ी : कोन्टा ब्लाक के गुमोड़ी सहित आधा दर्जन ग्रामों में करोड़ों का गोलमाल

# नक्सलवाद पर भारी भ्रष्टाचार, विकास के पैसों की अंदरूनी क्षेत्र में हो रही है बंदरबांट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सुकमा

बस्तर को नक्सलमुक्त करने की कवायद पर भ्रष्टाचार भारी पड़ता नजर आ रहा है। एक ओर प्रदेश की सरकार के मंत्री नक्सलवाद को गंभीरता से लेते हुए विकास के रास्ते शांति लाने की दिशा में आगे बढ़ रहे है, तो दूसरी ओर प्रशासनिक नुमाईंदे करोड़ों रुपए की बंदरबांट कर गरीबों के हिस्सों को अपनी जेब में डाल रहे हैं।

- जिपं की भूमिका पर भी उठ रहे हैं सवाल

नक्सलवाद का भय दिखाकर अंदरूनी इलाकों में जमकर भ्रष्टाचार का खेल खेला जा रहा हैं। दक्षिण बस्तर में दो प्रकार के क्षेत्र हैं एक सामान्य क्षेत्र और दूसरा अघोषित रूप से नक्सल प्रभावी क्षेत्र। इन अघोषित नक्सल प्रभावी क्षेत्र में जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों का दखल शून्य है, जिसका फायदा उठाकर उन क्षेत्रों के कर्मचारी व्यापक पैमाने पर भ्रष्टाचार करते हैं। वहीं इस भ्रष्टाचार को शह देने में बकायदा प्रशासनिक अधिकारी ▶▶ शेष पेज 12 पर



### पहले शिकायत, फिर कहा गलती हो गई

सुकमा जिले के जगरगुण्डा क्षेत्र की जिपं सदस्या आदम्मा मरकाम ने ही कोन्टा ब्लॉक के गुमोड़ी पंचायत में करोड़ों के बंदरबांट की शिकायत की थी। उन्होंने जिपं सीईओ को लिखित में शिकायत कर कहा था कि उक्त ग्राम में सन 2018 से 2024 तक स्वीकृत निस्तारी तालाबों में भारी भ्रष्टाचार हुआ है, जिसकी जांच टीम गठित कर मौका मुआयना किया जाए। इसके अलावा सन 2018 से 2024 तक मुलभूत की राशि से सिर्फ कागजों में ही खर्च हुआ है। इसके अलावा उक्त ग्राम में शासन की अन्य योजनाएं भी सिर्फ कागजों में ही सीमित है। वहीं 20 मई को शिकायत देने के उपरांत 22 मई को जिपं सदस्य ने पत्र लिखकर प्रशासन से क्षमा मांगते हुए शिकायत को निरस्त करने की बात कही।

### हड़बड़ी इतनी की अकेले ही निकल पड़े मार्को

जिपं सीईओ द्वारा बिना किसी विलंब के ग्राम गुमोड़ी हेतु तीन सदस्य जांच दल गठित कर मौके पर जा कर जांच करने के निर्देश जारी कर दिया। वहीं उक्त तीन सदस्य जांच दल में से एक सहायक परियोजना अधिकारी बलवंत सिंह मार्को अकेले ही घोर नक्सल प्रभावित क्षेत्र की ओर निकल पड़े। सबसे अहम बात यह है कि जब जांच दल में 3 सदस्य नियुक्त किये गये है, तो अकेले मार्को गुमोड़ी कैसे पहुंच गये। वही सूत्रों के अनुसार मार्को अपने साथ किसी भी तरह के शासकीय दस्तावेज भी नहीं ले गये थे। बताया तो यह भी जाता है कि उक्त दिवस में ग्राम के सचिव को भी अपने साथ ले जाने की खबर है। वैसे मार्को के अकेले जाने को लेकर अब तरह तरह के सवाल खड़े हो रहे है।

### ईमानदारी से हो जांचः भीमा

गुमोड़ी में हुए भ्रष्टाचार के मामले को लेकर भाजपा नेता भीमा मड़कम ने कहा कि किसी भी योजना का क्रियान्वयन पूरी निष्ठा के साथ होना चाहिए। सरकार के द्वारा अंदरूनी क्षेत्रों के विकास में किसी भी प्रकार की कोताही ठीक नहीं है। इस पूरे मामले की जांच ईमानदारीपूर्वक की जानी चाहिए।

# विहिप-बजरंग दल ने आतंकवादी संगठन का जलाया पुतला

## श्रद्धालुओं की बस पर गोलीबारी कर हत्या का मामला



हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर

विश्व हिंदू परिषद के तत्वावधान में बुधवार को जम्मू कश्मीर में मां वैष्णो देवी मंदिर से शिवखोड़ी मार्ग जाते समय 9 जून को हिंदू श्रद्धालुओं की बस पर पाकिस्तान समर्थित अकंतावादी संगठन द्वारा हमला किया गया था, जिससे 10 निर्दोष हिंदू तीर्थ यात्री मारे गए थे, जिससे देशभर में रोष का माहौल व्याप्त हो गया था। हिंदू यात्रियों के निर्मम हत्या के विरोध में विश्व हिंदू परिषद वा बजरंग दल ने राष्ट्रव्यापी आव्हान पर जिला मुख्यालय में आतंकवादियों के खिलाफ पुतला दहन किया। इस दौरान राष्ट्रपति के नाम मांगपत्र प्रशासनिक अधिकारी को सौपा। इसी तारतम्य ▶▶ शेष पेज 12 पर

- राष्ट्रव्यापी अभियान पर आंतकवादी संगठन के खिलाफ जमकर नारेबाजी

### सौंपा ज्ञापन

इस दौरान विभाग मंत्री रवि ब्रम्हचारी, अमन शर्मा, योगेंद्र कौशिक, शंकरलाल गुप्ता, शैलेन्द्र श्रीवास्तव पवन राजपूत, घनश्याम नाग, सन्नी रैली, विष्णु ठाकुर, भवानी सिंह चौहान, शत्रुघ्न, सिकंदर कश्यप, मुन्ना, अन्य कार्यकर्ता भी उपस्थित रहे। सभी ने इस घटना की निंदा करते हुए ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए कठोर कार्रवाई की मांग करते हुए ज्ञापन दिया।

# कलेक्टर के समक्ष एनएमडीसी प्रबंधन के मीठे-मीठे बोल, धरना स्थल पर गोलमोल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर

एनएमडीसी प्रबंधन नगरनार के जिम्मेदार अधिकारी एक दिन पहले कलेक्टर विजय दयाराम के समक्ष आंदोलनकारियों के सभी मांगों पर सहमति दी। दूसरे दिन धरना स्थल पर इस की सार्वजनिक घोषणा करने का आश्वाशन एनएमडीसी प्रबंधन ने दिया था। लेकिन एक दिन बाद प्रबंधन अपने ही घोषणा को पलट दिया। 12 बजे धरना स्थल पहुंचने के वादे से मुकरते दोपहर 2 बजे प्रबंधन के मुख्य संचार अधिकारी व महाप्रबंधक रफीक अहमद व उप महाप्रबंधक स्तर के अधिकारी धरना स्थल में पहुंच गोलमोल जवाब देते वापस चले गए।

- एक दिन पहले एनएमडीसी अधिकारियों ने दी थी सहमति, 8 मांगों को माना



### आंदोलन में हुए शामिल

आंदोलन में आज लेखन बघेल, सुबर्तो विश्वास, रघु सेठिया, खगेश्वर पुजारी, अर्जुन सेठिया, जालंधर बघेल, हरि साहू, घनश्याम महापात्र, जोगेश्वर साहू, तपन राय, राधेश्याम पेन्द्रे, अमित पांडे, गीता मिश्रा, रवि दास, सिया राम, समेत बड़ी संख्या में प्रभावित किसान, ग्रामीण और पंचायत प्रतिनिधि शामिल थे।

एनएमडीसी प्रबंधन के इस नकारात्मक और पक्षपातपूर्ण रवैया से नाराज जय झाड़ेश्वर परिवहन समिति के धरनारत पंचायत प्रतिनिधि, प्रभावित किसान और स्टील प्लांट प्रभावित सभी गांव के ग्रामीणों में भारी आक्रोश की स्थिति निर्मित हुई। एक दिन पहले धरना और उग्र प्रदर्शन की घोषणा को वापस लेने के पहले ही स्थिति उल्टा हो गया और बुधवार को दूसरे दिन पुनः धरना में तब्दील कर किया गया। धरना दे रहे समिति के अध्यक्ष बनमाली नाग ने बताया एनएमडीसी प्रबंधन अपने ही वादे से मुकर बुधवार ▶▶ शेष पेज 12 पर

# एयरपोर्ट पर यात्रियों ने किया हंगामा, डिपारचर से पहले गेट पर पहुंचे



हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर

शहर से जबलपुर वाया दिल्ली जाने वाली फ्लाइट के कुछ यात्रियों ने बुधवार को एयरपोर्ट गेट पर हंगामा कर दिया। दरसअल फ्लाइट के लिए रिपोर्टिंग टाइम 11.30 बजे था। यात्री फ्लाइट के डिपारचर टाइम साढ़े 12 से 10 मिनट पहले गेट पर पहुंचे। ऐसी स्थिति में एलायंस प्रबंधन ने यात्रियों को एयरपोर्ट में दाखिल होने से रोक दिया। इस पर यात्रियों ने हंगामा शुरू ▶▶ शेष पेज 12 पर

- एलायंस प्रबंधन ने यात्रियों को एयरपोर्ट में दाखिल होने से रोक दिया

शहर समेत ग्रामीण क्षेत्रों में लगातार बिजली गुल की समस्या

# बिजली संबंधी समस्याओं का अबिलंब निराकरण करें : देव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर



भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व विधायक किरण देव ने बुधवार को सीएसपीडीसीएल के अधिकारियों की बिजली संबंधी समस्याओं को लेकर बैठक ली। अधिकारियों को समस्याओं का अविलंब निराकरण करने का निर्देश दिया।

- विधायक ने सीएसपीडीसी एल के अधिकारियों की ली बैठक

ज्ञात हो कि बिजली की समस्या को लेकर शहर एवं ग्रामीण क्षेत्र के जनता को काफी परेशानी हो रही थी। जनता की समस्या को गंभीरता से लेते हुए विधायक देव ने बिजली की समस्या को जल्द निजात दिलाने की अधिकारियों को निर्देशित किया है। श्री देव ने अधिकारियों को कहा कि बिजली अति आवश्यक सेवाओं से जुड़ी है उसे सुचारू रूप से करने का प्रयास करें। यह विषय जनहित से जुड़ा हुआ गंभीर विषय है। इसमें किसी भी प्रकार के लापरवाही ना करते जनहित में कार्य कर इन समस्याओं का निराकरण जल्द से जल्द करें। जनता को किसी भी प्रकार की समस्या ना हो। बिजली एक आवश्यक सेवा है, उसे सुचारू रूप से कितना बेहतर कर सकते हैं,उसे पर कार्य करने की आवश्यकता है। बिजली की समस्याओं पर गंभीरता पूर्वक कार्य करते बिजली संबंधी आये दिन हो रही समस्या पर जल्द कार्ययोजना के साथ कार्य करते उसमें निदान करें।

### ये रहे उपस्थित

बैठक में कार्यपालन अभियंता शहरी प्रदीप कुमार अग्रवाणी, कार्यपालन अभियंता ग्रामीण सुदीप कुमार खेस एवं अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे।

# रोजगार मेले में 135 युवाओं का किया गया चयन

**कोण्डागांव।** जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र एवं मॉडल कैरियर सेंटर कोण्डागांव द्वारा कलेक्टर कुणाल दुदावत के मार्गदर्शन में मंगलवार को 1220 पदों पर भर्ती करने के लिए रोजगार मेला का आयोजन किया गया था। जिसमें 8 नियोक्ता एवं 1 परियोजना क्रियान्वयन संस्था सहित कुल 09 नियोजकों ने भाग लिया। जिसमें जिले के कुल 212 बेरोजगार युवा सम्मिलित हुए। इस रोजगार मेले में शामिल 212 प्रतिभागियों में से प्रांरभिक रूप से 135 प्रतिभागियों का चयन किया गया। इस अवसर पर जिला रोजगार अधिकारी पवन कुमार नेताम, राष्ट्रीय रोजगार मिशन के यंग रवि शर्मा सहित बड़ी संख्या में युवा इस मेले में उपस्थित हुए।



ईद उल अजहा (बकरीद) के मौके पर कुर्बानी हेतु देशी खस्सी बकरा जिंदा विक्रय हेतु उपलब्ध है।
प्रति किलो मात्र ₹ 500/-
राजेश मटन शॉप
धरमपुरा नं-01/आसना, जगदलपुर
मोबाइल- 9406078127



## चित्रकोट विधायक के सुझाव पर डॉ. रमन सिंह ने जताई सहमति

# सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल तैयार पर है विशेषज्ञों की कमी : गोयल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर

प्रदेश का दूसरा व बस्तर का पहला सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल बनकर तैयार है लेकिन विशेषज्ञों की कमी के चलते अब तक शुरू नहीं किया जा सका है। चित्रकोट विधायक विनायक गोयल ने हरिभूमि से चर्चा करते हुए उक्त बातें कहीं। विधायक श्री गोयल ने बताया कि बस्तर में विशेषज्ञ डाक्टरों व असिस्टेंट प्रोफेसरों की कमी के संबंध में उन्होंने विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह से चर्चा कर उन्हें अवगत कराया था। विधायक के सुझाव से सहमति जताते हुए डा. रमन सिंह ने स्वास्थ्य विभाग की विशेष बैठक बुलाई थी। राज्य के समस्त शासकीय चिकित्सा महाविद्यालयों में असिस्टेंट प्रोफेसरों की कमी को दूर करने और गुणवत्ता में सुधार लाने के लिए तीन दिन पूर्व डॉ. रमन से मिलकर चर्चा की। किस तरह से इस समस्या को दूर किया जा सकता है उसके लिए उचित सुझाव दिया था। श्री गोयल ने कहा कि बस्तर का पहला और प्रदेश का दूसरा सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल बनकर तैयार है लेकिन विशेषज्ञों की कमी के चलते शुरूआत नहीं हो पाना स्वास्थ्य विभाग की विफलता का परिचायक है। इस पर शासन को त्वरित विचार करते हुऐ इन समस्याओं का निदान करना चाहिए। इसके लिए उन्होंने सीधे विधानसभा अध्यक्ष डॉक्टर रमन सिंह से मुलाकात करना उचित समझा क्योंकि उन्हें ऐसा लगा कि एक डॉक्टर ही मरीजों और मेडिकल कॉलेजों की समस्याओं को अच्छे से समझ सकता है और हल निकाल सकता है। उन्होंने सीधे मिलकर अपने क्षेत्र और राज्य के अन्य मेडिकल कालेजों के समान समस्याओं को लिखकर उनके समाधान का भी सुझाव दिया था। इस पर डॉक्टर रमन सिंह ने समस्या और समाधान को तुरंत समझ गए। विधानसभा अध्यक्ष ने स्वास्थ्य मंत्री और गृह ▶▶ शेष पेज 12 पर

- डाक्टरों की कमी से जूझ रहे बस्तर में पोस्टिंग करने विधानसभा अध्यक्ष से चर्चा



पाठक सूचना
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
जगदलपुर
मो. 7000061711, 8817958580, 9131893124
नारायणपुर
मो. 9407740955, 9131893124
कोण्डागांव
मो. 7000312486, 9131893124
सुकमा
मो. 9425260296, 9131893124
दंतेवाड़ा
मो. 9425592636, 9131893124
बीजापुर
मो. 9131893124

**खबर संक्षेप**

### लंबे समय से अनुपस्थित सहायक ग्रेड 3 सेवा से पृथक

**कोण्डागांव।** स्वास्थ्य विभाग में लम्बे समय से अनाधिकृत रूप से अनुपस्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बड़े राजपुर में पदस्थ सहायक ग्रेड–3 श्रीमती संगीता गोरे को लंबे समय से अनाधिकृत रूप से अनुपस्थित रहने के कारण शासकीय सेवा से पृथक कर दिया गया है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी आरके सिंह ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग में श्रीमती गोरे विकासखण्ड विश्रामपुरी के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र बड़ेराजपुर में सहायक ग्रेड–03 के पद पर पदस्थ थीं, जो बिना किसी पूर्व सूचना के अपने कर्तव्य से 7 अक्टूबर 2017 से आजपर्यन्त तक अनाधिकृत रूप से अनुपस्थित थी। उनके विरूद्ध छग सिविल सेवा वर्गीकरण, नियंत्रण तथा अपील नियम, 1966 के प्रावधानों के तहत शासकीय सेवा से हटाये जाने की कार्रवाई की गई है।

### आंधी से राजकुमारी के घर की छत उड़ी

**धनोरा/केशकाल।** ब्लॉक केसकाल वा तहसील थाना धनोरा



कालोनी पारा निवासी व बेवा राजकुमारी पति स्व. ध्रुवप्रह्लाद ठाकुर के घर की छत 11 जून आंधी से उड़ गई। राजकुमार अपने बच्चों के साथ बेघर हो गई है। धनोरा में कई स्थानों पर आंधी बारिश से नुकसान होने का जानकारी प्राप्त हुई है।

### वार्षिक कार्ययोजना पर की गई चर्चा, सदस्यों ने भी ली जिम्मेदारी



**कोण्डागांव।** प्राथमिक शाला जोन्दरा पदर शाला प्रबंधन व विकास समिति की बैठक 10 जून को आयोजित की गई। प्रधान पाठक मधु तिवारी ने अभिनव पहल करते हुए बैठक का आयोजन स्कूल परिसर में ना कर मोहल्ले में आयोजित किया ताकि अधिक से अधिक पालक, माता–पिता, ग्रामवासियों को भी शाला विकास से जोड़ा जा सके। समिति की बैठक में सदस्यों व पालकों को शाला की अधोसंरचना विकास वार्षिक कार्ययोजना ,मध्यान्ह भोजन ,छात्रों की प्रगति की जानकारी,समुदायिक सहभागिता से शाला का विकास आदि पर विचार विमर्श किया। नये शिक्षा सत्र में बच्चों की शतप्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित करने, सभी बच्चों का शाला में प्रवेश एवं शाला में उनके ठहराव शाला प्रवेश उत्सव धूमधाम से मनाने न्योता भोज प्रबंधन समिति के सदस्यों की भूमिका बढ़ाने पर सहमति बनी। प्रबंधन समिति की बैठक में महिलाओं की बड़ी संख्या में भागीदारी रही। प्रधानपाठक मधु तिवारी ने सभी पालकों को समय निकाल शाला में हो रही गतिविधियों की जानकारी प्राप्त करने एवं हर संभव शाला विकास में योगदान के लिए प्रेरित किया। घरों में सब्जी फलदार पौधे लगाने के लिए बीजों निशुल्क वितरण किया। बैठक में बड़ी संख्या में समिति के सदस्य, पालक माता–पिता व महिलाएं शिक्षिका स्मिता नेताम उपस्थित रहीं।

**निधन**

### बरातू राम नागवंशी

**कोण्डागांव।** माकड़ी के वरिष्ठ नागरिक और होटल व्यापारी बरातू राम नागवंशी का लंबी बीमारी के



बाद मंगलवार दोपहर को निधन हो गया। वे क्षेत्र के साथ ही कोंडागांव जिले में अपनी एक अलग पहचान रखते थे। सामाजिक- राजनीतिक रूप से उनकी जनमानस में अच्छी पकड़ थी। अपने लंबे राजनीतिक फर में विभिन्न पदों पर रहते हुए कार्य किया। बरातू बाबा के निधन पर लोगों ने शोक व्यक्त करते हुए उनकी आत्मा को शांति प्रदान करने के लिए प्रार्थना की।

# राष्ट्रीय ट्रैकिंग कैम्प 2024 से लौटे शामपुर के कैडेट्स, अनुभवों को किया साझा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोण्डागांव

**मध्यप्रदेश व छत्तीसगढ़ के 510 कैडेट्स ने लिया भाग**



बैहर बालाघाट मध्यप्रदेश में आयोजित नेशनल ट्रैकिंग कैंप 2024 में शामिल होकर शामपुर हायर सेकेंडरी स्कूल की तीन छात्रएं योगिता नेताम जिग्यासा मरकाम एवं संध्या पोयाम वापस जिला मुख्यालय कोंडागांव पहुंचीं। उनको लेने कोंडागांव बस स्टैंड में भीषण गर्मी की तपती दोपहरी में पहले से ही संस्था के एनसीसी केयर टेकर सियाबती पोयाम, प्राचार्य अनूप कुमार विश्वास एवं खासतौर पर स्थानीय कलाकार प्रोत्साहक, प्रेरक संकुल सोनाबाल में प्रधान अध्यापक कैडेट्स स्वागत के लिए पंहुचे थे। इस अवसर पर छात्राओं के लिए आयोजित स्वल्पाहार के दौरान अपने अविस्मरणीय अनुभवों को हितेंद्र श्रीवास द्वारा पूछे गए सवालों का जवाब देकर साझा किया। इस सफलता की जानकारी के मिलते ही कोंडागांव में एनसीसी के भूतपूर्व अधिकारी रहे तथा लेखा वाणिज्य विशेषज्ञ वर्तमान में छिंदवाडा निवासी जीडी लिंगायत ने दूरभाष वार्ता कर हर्ष उद्गार कर कैडेट्स तथा अधिकारियों को बधाइयां दीं।

■ व्हालीबाल रस्साकशी में भी भाग लेकर दिखाई प्रतिभा

**रेलगाड़ी में पहली बार का सफर रोमांचक रहा**

*बैहर बालाघाट में आयोजित 31 मई से 8 जून 2024 तक आयोजित कैंप में मध्यप्रदेश तथा छत्तीसगढ के 510 छात्र- छात्राओं में जगदलपुर से 2 , शामपुर से 3 , बडेडोंगर से 4 प्रतिभागियों ने भाग लिया। उल्लेखनीय है कि शामपुर के इन छात्राओं के लिए कैंप अवधि में जंगल, पहाड़, नदी आदि ट्रैकिंग के अलावा व्हालीबाल , रस्साकशी में भाग लेना जहां आनंददायक रहा। वहीं रेलगाड़ी में जीवन का पहला सफर करना रोमांचकारी रहा। चूंकि इससे पूर्व इन्होंने रेलगाडी का जीवंत दर्शन नहीं किया था ।*

**आयोजन : कलेक्टर ने समयसीमा की बैठक में योजनाओं व कार्यों की समीक्षा की**

# घर पहुंचाकर दिव्यांग व वृद्धजनों को दी जाएगी पेंशन, शिकायतों के निपटारे के लिए शिविर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोण्डागांव



कलेक्टर कुणाल दुदावत द्वारा जिले में संचालित योजनाओं एवं कार्यों की प्रगति की समीक्षा के लिए समय सीमा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में उन्होंने जिले के सभी दिव्यांग एवं 60 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के लोगों के लिए वृद्धावस्था पेंशन प्राप्तकर्ताओं के घर पहुंच कर बीसी सखी के माध्यम से पेंशन के वितरण कराने के लिए निर्देश दिए। इसके लिए सभी संबंधित विभागों को समन्वय स्थापित कर घर पहुंच पेंशन वितरण की इस अभिनव पहल को सफल बनान के लिए एकीकृत कार्ययोजना बनाने के लिए कहा गया।

कलेक्टर ने ग्रामीण स्तर पर लोगों की शिकायतों के निवारण के लिए ग्राम सचिवालयों को नियमित संचालित करने एवं प्रत्येक सात से पन्द्रह दिवस के भीतर ग्रामीण सचिवालय लगाकर जनसमस्याओं को प्राप्त करते हुए उसका निराकरण ग्राम स्तर पर करने के लिए निर्देश दिए। इस संबंध में उन्होंने कहा कि ग्राम सचिवालय के नियमित संचालन से लोगों को उनकी विभिन्न समस्याओं का समाधान ग्राम स्तर मिल जाने से शिकायत निवारण की गति में वृद्धि होगी। शत प्रतिशत शिकायतों का निवारण स्थानीय स्तर पर ही किया जा सकेगा। उन्होंने प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के तहत ऐसे परिवार जिनके सदस्यों की मृत्यु हो गयी है, उन्हे बीमा राशि उपलब्ध कराने की दर में वृद्धि करने तथा शत प्रतिशत बीमा क्लेम सुनिश्चित करने के लिए अधिकारियों को किसी भी मृत्यु प्रकरण पर 15 दिवस के भीतर संबंधित व्यक्ति के बीमा के संबंध जानकारी प्राप्त कर उनका प्रकरण तैयार करते हुए उन्हे बीमा क्लेम प्राप्ति में शत प्रतिशत सहयोग के लिए निर्देश दिए।

■ नियमित रूप से ग्रामीण सचिवालय लगाकर शिकायतों का ग्राम स्तर पर करें समाधान

**लंबित प्रकरणों का शिविर लगाकर निराकरण करें**

*कलेक्टर कुणाल दुदावत ने शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रें में पीएम आवास योजना के तहत आवास निर्माण में तेजी लाने एवं वृद्धावस्था तथा दिव्यांग पेंशन के लम्बित प्रकरणों के निराकरण के लिए मिशन मोड में कार्य करने कहा। विकासखण्ड स्तर पर सभी संबंधित विभागों के समन्वय से विशेष शिविरों का आयोजन कर सभी आवेदनों का निराकरण करने के निर्देश दिए हैं।*

**पीएम स्वनिधि योजनांतर्गत स्ट्रीट वेंडरों को करें लाभान्वित**

कलेक्टर ने सभी नगरीय निकायों के अंतर्गत कार्यरत स्ट्रीट वेंडर्स का सर्वे कराते हुए मिशन मोड में कार्य करते हुए सभी पात्र हितग्राहियों के लिए स्वनिधी योजनांतर्गत प्रकरण निर्माण कर लाभान्वित करने के लिए निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त पॉम आयल उत्पादन के लिए किसानों को प्रोत्साहित करते हुए मयूरडोंगर एवं चारगांव में एफआरए क्लस्टर के युवाओं को भी योजना का लाभ दिलाने तथा वनाधिकार पट्टाधारी युवाओं को रोजगार मूलक कौशल का प्रशिक्षण देने के लिए निर्देशित किया।

**प्रवेश उत्सव पर शालाओं में होगा न्योता भोज**

कलेक्टर ने आगामी शिक्षा सत्र के प्रारंभ में होने वाले शाला प्रवेश उत्सव पर सभी विद्यालयों में न्योता भोज कराने के लिए सभी को प्रोत्साहित किया गया। इस अवसर पर अधिकारियों को स्कूलों में जाकर बच्चों के साथ न्योता भोज का आनंद लेने के लिए कहा गया। उन्होंने बैठक में उपस्थित सभी अधिकारियों को अपने सामाजिक उत्सवों पर स्कूलों में न्योता भोज कराकर बच्चों को पोषण अभियान के तहत अतिरिक्त पोषण आहार उपलब्ध कराने के लिए अपील भी की गयी।

## कानूनी सहयोग, संविधान जागरुकता अभियान चलाने के संबंध में हुई चर्चा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोण्डागांव

बाबा साहेब सेवा संस्था जिला कोंडागांव की बैठक अंबेडकर चौक पुराना कोर्ट के सामने कार्यालय में आयोजित की गई। जिसमें विभिन्न विषय जैसे संस्था द्वारा जिले के सभी ब्लाकों में सम्पर्क कर ब्लाक इकाइयों का गठन, नये सदस्यों को शामिल करना, गरीब असहाय लोगों के लिए कानूनी सहयोग, जिले में पौधारोपण प्रोत्साहन कार्यक्रम आयोजित करना, जिले में संविधान जागरुकता अभियान चलाना, निःशक्त जनों को ट्राइसाइकिल वितरण के साथ साथ संस्था की वार्षिक कार्ययोजना निर्धारण आदि विषयों पर चर्चा की गई। बैठक के दौरान बाबा साहेब सेवा संस्था जिला कोंडागांव के संरक्षक तिलक पांडे वजी वकील, पंचू सागर, राष्ट्रपति पुरस्कृत , संस्था के जिला अध्यक्ष मुकेश मार्कंडेय, उपाध्यक्ष पुष्कर सिंह मंडावी, सचिव रमेश पोयाम ,ओमप्रकाश नाग, देवानंद चौरे, बिरेन्द्र नेताम, मंगउ देवांगन, भुवन लाल मार्कंडेय, बिरज नाग, संदीप कोर्राम, हितेंद्र श्रीवास, लखेश बेर, सिद्धार्थ महाजन, सत्येंद्र भोयर, वीरेंद्र टंडन, नीरज उईके पूर्व सचिन पत्रकार संघ, अनुज नहरिया व संस्था के अन्य पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे।

जमीन विवाद के चलते दो सगे भाइयों ने कर दी थी हत्या

## दोहरे हत्याकांड मामले में आधा दर्जन आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर



कोतवाली थाना क्षेत्र के ईरिकपाल में जमीन विवाद के चलते हुए दोहरे हत्याकांड मामले में अब तक पुलिस ने आधा दर्जन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। वहीं मामले में फरार अन्य आरोपियों की सरगर्मी से तलाश की जा रही है। गौरतलब है कि मंगलवार को ईरिकपाल में खेत में काम कर रहे दो सगे भाईयों की दर्जन भर से अधिक लोगों ने एक राय होकर तीर धनुष, फरसा कुल्हाड़ी व डण्डा से वार करते हुए दौड़ा दौड़ाकर हत्या कर दी थी। इस मामले में एक आरोपी को तत्काल गिरफ्तार किया गया था वही पांच अन्य आरोपियों को बुधवार को गिरफ्तार किया गया। कार्रवाई में कोतवाली थाना प्रभारी के अलावा एसआईप्रमोद ठाकुर, अमित सिदार, लोकेश्वर नाग, भुवनेश्वर चंद्रवंशी, एएसआई दिनेश उसेण्डी, लंबोदर कश्यप, पुरूषोत्तम नायडू, देवेन्द्र राय, प्रधान आरक्षक उमेश चंदेल, अनिल कन्नौजे, मयाराम नेताम, आरक्षक युवराज सिंह ठाकुर, रवि सरदार, भुपेन्द्र नेताम व धनंजय बघेल की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

■ दर्जनभर से अधिक लोगों ने दिया था घटना को अंजाम

**गिरफ्तार आरोपियों में यह शामिल**

पुलिस ने जिल छह आरोपियों को अब तक गिरफ्तार किया है इनमें चैनसिंह गागड़े 50 वर्ष निवासी ग्राम ईरिकपाल स्कूलपारा, जितेन्द्र उर्फ तुलसीराम नाग 29 साल निवासी पुनारा कोर्ट परिसर जगदलपुर, मनीराम नाग 40 साल निवासी ग्राम ईरिकपाल ठोठापारा, विष्णु गागड़ा 48 साल निवासी पनारापारा माता मंदिर के पीछे जगदलपुर, वासुदेव गागड़ा 27 साल निवासी पनारापारा माता मंदिर के पीछे जगदलपुर व मानसिंग गागडे 29 साल निवासी ग्राम ईरिकपाल स्कूलपारा शामिल है। गिरफ्तार सभी आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उन्हें न्यायिक रिमाण्ड में जेल भेजा गया।

**तीन दशक से कर रहे थे खेती**

प्रार्थिया ज्योति कश्यप निवासी ईरिकपाल ने दर्ज रिपोर्ट में बताया कि उनके पिता शंभुनाथ कश्यप ने वर्ष 1993 में पारो, विष्णु, चैनसिंह व विरेन्द्र से जमीन खरीदे थे और लगभग 30 वर्ष से अब तक जमीन में खेती करते आ रहे है। इसी जमीन को लेकर चैनसिंह, विष्णु व उनके लडको के द्वारा पिछले साल जमीन हमारा है बिक्री नहीं किए है कहकर लड़ाई लगड़ा करते आ रहे थे। मंगलवार को जब दोनों भाई योगेश कश्यप और चंद्रशेखर कश्यप खेत में काम करने वाले हेमराज और बनवीर के साथ खेत में जोताई कर धान छिड़क कर वापस आ रहे थे, तभी 10-12 लोग डंडा, तीर-धनुष, फरसा, कुल्हाड़ी हाथ में लेकर दौड़ते हुए आए। गाली गलौच करते हुए योगेश को तीर से मारे और उसे पकडकर कुल्हाडी, फरसा से गले में प्राणघातक वार चोंट पहुंचाकर हत्या कर दी। इसके बाद चंद्रशेखर कश्यप को सभी मिलकर धारदार कुल्हाड़ी और फरसा से गले व पैर हाथ पर प्राणघातक वार कर हत्या कर दिया, जिससे दोनों की मौत हो गई। मामले में आरोपियों के खिलाफ धारा 147, 148, 149, 302 के तहत मामला दर्ज कर पड़ताल करते हुए शेष फरार आरोपियों की तलाश की जा रही है।

## पूर्व विधायक के बंगले में तैनात गार्ड ने फांसी लगाकर की खुदखुशी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरसगांव

कोंडागांव के पूर्व विधायक मोहन मरकाम के बंगले में तैनात आरक्षक सम्पत मंडावी पिता सुखधर मंडावी निवासी भानपुरी ने बुधवार को फरसगांव क्षेत्र के ग्राम लंजोड़ा बुकापारा के पास स्थित नदी किनारे एक पेड़ पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। नदी किनारे गाय बैल चरा रहे ग्रामीण ने फांसी के फंदे पर लटकी युवक की लाश देखकर तत्काल सरपंच और ग्रामीणों को जानकारी दी। सरपंच ने तत्काल घटना की जानकारी कोतवाली थाना में दी। घटनास्थल के कुछ ही दूरी पर मंदिर के सामने उसकी बाइक खड़ी मिली। घटना ख़बर लगते ही मौके पर ग्रामीणों को भीड़ जमा हो गई। सूचना पर कोतवाली पुलिस घटना स्थल पर पहुंचकर मृतक की पहचान कर परिजन को जानकारी दी। परिजनों की उपस्थिति में जांच पंचनामा के बाद शव को फंदे से उतारकर पोस्टमार्टम के लिए कोंडागांव के चीरघर भिजवाया गया।

■ नदी किनारे खड़े लोग ने उसे मोबाइल से बाते करते जाते हुए देखा, थोड़ी देर बाद लाश मिली

**मौके से मृत आरक्षक का मोबाइल गायब**

मंदिर के पास मौजूद ग्रामीणों अनुसार आरक्षक संपत अपनी बाइक से आया था। बाइक को शिव मंदिर के सामने खड़ा करके मोबाइल से बात करते हुए नदी किनारे की ओर चला गया। लगभग आधे घंटे बाद जानकारी मिली कि नदी किनारे पेड़ पर युवक की फंदे पर एक लाश लटकी है। जाकर देखे तो वही युवक फांसी के फंदे पर लटका हुआ था। हालांकि पुलिस को मृतक के तलाशी के दौरान उसका मोबाइल फोन नहीं मिला है। मोबाइल फोन बंद बता रहा है। मोबाइल की पुलिस खोजबीन कर रही है। अंदाज लगाया जा रहा है कि आरक्षक ने किसी से बात करने के बाद मोबाइल को छुपा दिया होगा या कही फेंक दिया होगा। किसी के ले जाने की भी संभावना जताई जा रही है।

**इ्यूटी के बाद बाइक से घर जाने निकला था आरक्षक**

बताया जा रहा है कि आरक्षक संपत मंडावी पिता सुखधर मंडावी ग्राम भानपुरी थाना फरसगांव निवासी हैं। कोंडागांव जिले में आरक्षक के पद में पदस्थ था। वतर्मान ने कोंडागांव के पूर्व विधायक मोहन मरकाम के बंगले में गार्ड की ड्यूटी कर रहा था। बुधवार की सुबह 10 बजे तक गार्ड की ड्यूटी करने के बाद वह अपनी बाइक में सवार होकर अपने घर ग्राम भानपुरी जाने के नाम से निकला था। इस बीच उसने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस द्वारा आत्महत्या के कारणों की जांच की जा रही है। मामले की गंभीरता को देखते हुए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रूपेश कुमार भी मौके पर पहुचकर बारीकी से जांच कर रहे हैं ।

**विधिक सेवा प्राधिकरण ने ली पैरालीगल वालिंटियर्स की बैठक**

# नेशनल लोक अदालत का करें प्रचार-प्रसार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर



राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण की योजनाओं के संबंध में बुधवार को सत्र न्यायाधीश एवं प्राधिकारण के अध्यक्ष मनीष कुमार ठाकुर के निर्देशानुसार जिला न्यायालय परिसर के न्याय सदन भवन में पैरालीगल वालिंटियर्स की बैठक ली और प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव सुश्री अंकिता कश्यप द्वारा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के चयनित पैरालीगल वालिंटियर्स को विधिक सेवा योजनाओं की जानकारी आमजन तक पहुंचाने हेतु बस्तर जिले के समूचे अंचल में विधिक साक्षरता शिविर आयोजित करने। 13 जुलाई को होने वाली नेशनल लोक अदालत के व्यापक प्रचार-प्रसार किए जाने हेतु निर्देशित किया गया। साथ ही उन्होंने पैरालीगल वालिंटियर्स से उनके कर्तव्य एवं उनके द्वारा आमजन को क्या-क्या एवं किस प्रकार सहयोग किया जा रहा है, इस संबंध में उनसे जानकारी लिया गया। आमजनों को सहायता प्रदान करने में हुए अनुभवों को साझा भी किया गया।

■ अनुभवों को साझा कर लोगों को प्रेरित करने कहा

**व्यक्ति व विधिक के मध्य दूरी मिटे**

पैरालीगल वॉलिंटियर्स को उन्हें उनके कार्यों के संबंध में अवगत कराते हुए प्रेरित किया गया कि वे ऐसा कार्य करें जिससे जरूरतमंद व्यक्ति और विधिक सेवा संस्था के मध्य की दूरी मिटे और न्याय के इस अभियान की सभी बाधाएं समाप्त हो जाएं। साथ ही उनके कर्तव्य के बारे में विस्तार से बताते हुए राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण तथा शासन द्वारा संचालित योजनाओं एवं उसके प्रभावी क्रियान्वयन किए जाने हेतु व्यापक प्रचार-प्रसार करने एवं आवश्यक कानून संबंधी जानकारी विस्तार से देते हुए विधिक सेवाओं की योजनाओं को समाज के अंतिम पंक्ति तक पहुंचाए जाने हेतु न्याय सबके लिए लक्ष्य की प्राप्ति के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश भी प्रदान किए गए।

**पेज 11 के शेष**

**मंडी समिति निधि ...**

माना जाएगा। इसके बाद यह गणना की जाएगी कि पूर्व से स्वीकृत एवं निमार्णाधीन कार्यों पर अगले वर्ष के दौरान कितना व्यय संभावित है। मंडी को निर्माण कार्यों के लिए उपलब्ध होने वाली राशि में से उपरोक्तानुसार राशि घटाई जाएगी। इसके पश्चात जितनी राशि शेष बचती है उतनी ही राशि निर्माण कार्यों के लिए उपलब्ध राशि होगी।

**नक्सलवाद पर ....**

की संलिप्तता भी अब सुर्खियों में है।

करोड़ों के तालाब, बना दिया केवल मेड़ : सुकमा जिले के कोंटा ब्लॉक के गुमोड़ी पंचायत एवं उसके आश्रित गांव दुरमा, बड़े हिरमा, पोरों काकारी और पोरों गुमोड़ी में विगत 2018-19 से 2023 तक 20-20 लाख के पांच और 14-14 लाख के पांच तालाब स्वीकृत हुए थे। जिसमे पंचायत सचिव ने केवल मेड़ बनवाकर ही राशि डकार लिया। कुछ तालाब तो केवल कागजों में ही बनवा डाला। करोड़ रुपए से स्वीकृत किसी भी तालाब में पानी नहीं है। खेत के बीचो बीच केवल एक मेड़ बनाकर पूरी राशि का आहरण कर लिया गया है। हमारे पास मौजूद सूची के संख्या से कम तालाब गांव में पाए गए। गांव में किसी भी पंच को वेतन नहीं मिलता और सरपंच का वेतन भी आधा काटकर देता है। सचिव 2023 के बाद आज तक गांव नहीं आया। मूलभूत, चौदहवें वित्त, पन्द्रहवें वित्त की राशि के बारे में सरपंच को कुछ भी बताया नहीं जाता। कुल मिलाकर गांव का हाल बेहाल है। सरकार इन क्षेत्रों के विकास के लिए राशि तो आवंटित करती है, पर यह राशि जाती कही और है।

जाना तो एक साथ था पर ......भगतः गुमोड़ी मामले को लेकर मुख्य जांच अधिकारी भरतसाय भगत ने कहा कि इस मामले की जांच हेतु तीन सदस्य दल गठित किया गया था। जिसमें स्वयं के साथ-साथ जिपं के लेखाधिकारी प्रशांत प्रधान व सहायक परियोजना अधिकारी बलवंत सिंह मार्को शामिल थे। जांच हेतु सभी को एक साथ जाने के निर्देश थे। परंतु वे कैसे अकेले चले गये इसकी जानकारी नही है।

**विहिप-बजरंग दल ....**

में बस्तर संभाग मुख्यालय जगदलपुर में बजरंग दल वा विश्व हिंदू परिषद ने चांदनी चौक में पुतला दहन, कर आतंकवादियों के खिलाफ नारे लगाए। चुनाव परिणाम के तुरंत बाद इस तरह की घटनाओं के प्रति चिंता जताते हुए कठोर कार्यवाही की मांग की गई।

**कलेक्टर के समक्ष ....**

को धरना स्थल पर गोलमाल जवाब देते धरनारत् ग्रामीणों के साथ वादाखिलाफी पर उतारू हो गया। इसलिए हम रद्द आंदोलन को यथावत रखने का निर्णय लिया है। आगामी 20 जून को प्रबंधन के हठधर्मिता के विरोध में उग्र आंदोलन करने सर्वसम्मति से निर्णय लिया है। अब जो भी स्थिति निर्मित होगी उसमें स्टील प्लांट की जवाबदारी होगी। मालूम हो कि जय झाड़ेश्वर परिवहन समिति 8 सूत्रीय मांगों को लेकर पिछले 7 जून से स्टील प्लांट प्रोजेक्ट के मुख्य प्रवेश द्वार पर धरना में है। इनकी मुख्य मांगो में एनएमडीसी बचेली और किरन्दुल की तर्ज पर स्थानीय नगरनार जय झाड़ेश्वर परिवहन समिति को परिवहन व्यवस्था लागू किया जाए। सयंत्र में स्तानीय लोगों को नौकरी में प्राथमिकता दिया जाए। प्रबंधन के द्वारा संचालित शैक्षणिक संस्थाओं को हायर सेकेंडरी शिक्षा से अपडेट करते स्नातक शिक्षा स्थानित प्रभावित परिवार और प्रभावित गांव के बच्चों को दिया जाए। जिसमे रोजगार मुलक तकनीकी शिक्षा अनिवार्य किया जाए। लंबित सुपर स्पेशयलिटी हॉस्पिटल का तत्काल निर्माण किया जाए। संयंत्र से होने वाली विभिन्न प्रकार की प्रदूषण समस्या यथाशीघ्र निराकरण किया जाए। प्रभावित ग्राम पंचायतों को एक मुश्त सर्वांगीण विकास किया जाए। प्रभावित गांव की भू-प्रभावित महिलाओं को यथाशीघ्र नौकरी दिलाया जाए। एनएमडीसी प्रबंधन आज धरना स्थल में पहुंच सभी 8 सूत्रीय मांगो को अनसुना करते गोलमोल जवाब देने से स्थिति बिगड़ी और धरना दे रहे आंदोलनकारियों को दुबारा आंदोलन के लिए जाना पड़ा।

**एयरपोर्ट पर यात्रियों ....**

कर दिया। मामले में एलायंस एयर के स्टेशन इंचार्ज पवन शर्मा ने बताया कि हम लगातार यात्रियों को रिपोर्टिंग टाइम पर एयरपोर्ट पहुंचने के लिए कहते हैं। यात्री छोटा एयरपोर्ट होने की वजह से इस ओर गंभीर नहीं है। वहीं जब यात्री बड़े एयरपोर्ट में जाते हैं तो सभी नियमों का पालन करते हैं। श्री शर्मा ने बताया कि हंगामा कर रहे यात्रियों को बाद में फ्लाइट में बैठने दिया गया है। उन्होंने कहा कि सभी यात्रियों से समय का ध्यान रखने कहा ताकि इस तरह की स्थिति ना बनें। फ्लाइट के संचालन में समय का विशेष महत्व होता है, सभी यात्री इस बात का ध्यान रखें।

**सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल ....**

मंत्री के साथ स्वास्थ्य सचिव और संचालक चिकित्सा शिक्षा की उपस्थिति में इन समस्याओं और समाधान की चर्चा की। एक कमेटी गठित कर सुपरस्पेशलिटी एवं मेडिकल कॉलेजो में असिस्टेंट प्रोफेसरो की कमी को दूर करने के लिए दिशा निर्देश दिया। बस्तर के क्षेत्र की जनता को पूर्ण स्वास्थ्य लाभ मिल सके। मेडिकल कालेज की मान्यता के लिए पर्याप्त असिस्टेंट प्रोफेसरों की व्यवस्था हो और रैफरल मरीजों की संख्या घट सके। ऐसे सुझावों के लिए डॉक्टर रमन सिंह ने विधायक विनायक गोयल की भूरी भूरी प्रशंसा की।

## खबर संक्षेप

### सीईओ ने किया जपं बकावंड का निरीक्षण



**जगदलपुर।** जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रकाश सर्वे ने बुधवार को जनपद पंचायत बकावंड कार्यालय का औचक निरीक्षण कर, उपस्थित अधिकारी कर्मचारी से कार्यालय में संचालित कार्यों की जानकारी ली। इसके उपरांत लखपति दीदी पहल अंतर्गत राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के समूह सदस्यों के प्रशिक्षण कार्यक्रम का निरीक्षण कर विस्तृत चर्चा कर सीईओ ने मार्गदर्शन प्रदान किया। इस प्रशिक्षण में झारखंड राज्य से पहुंचे प्रशिक्षक प्रशिक्षण दे रहे हैं।

### आज 3 केन्द्रों में होगी पीईटी व पीपीएचटी परीक्षा

**जगदलपुर।** छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल द्वारा 13 जून को प्रातः 9 बजे से अपरान्ह 12.15 बजे तक प्रथम पाली में पीईटी परीक्षा तथा अपरान्ह 2 बजे से सांयकाल 5.15 बजे तक द्वितीय पाली में पीपीएचटी परीक्षा का आयोजन किया गया है। जिले में उक्त दोनों प्रवेश परीक्षा जगदलपुर स्थित 3 केन्द्रों पर दो पाली में होगी। जिसके तहत परीक्षा केन्द्र क्रमांक 1701 शासकीय काकतीय पीजी कॉलेज धरमपुरा नम्बर 2 जगदलपुर में प्रथम एवं द्वितीय पाली में क्रमशः 400-400 परीक्षार्थी, परीक्षा केन्द्र क्रमांक 1702 शासकीय इंजीनियरिंग महाविद्यालय धरमपुरा नम्बर 3 में प्रथम पाली में 147 तथा द्वितीय पाली में 400 परीक्षार्थी और परीक्षा केन्द्र क्रमांक 1703 शासकीय महारानी लक्ष्मीबाई कन्या हायर सेकण्डरी स्कूल क्रमांक-1 जगदलपुर में केवल द्वितीय पाली में 315 परीक्षार्थी शामिल होंगे। नोडल अधिकारी व्यावसायिक परीक्षा द्वारा अवगत कराया गया है कि इन दोनों परीक्षा हेतु अभ्यर्थियों को वर्तमान वर्ष का प्रवेश पत्र लेकर आना अनिवार्य है।

## नवनिर्वाचित सांसद का विहीप के कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत...



*जगदलपुर। बस्तर के नवनिर्वाचित सांसद महेश कश्यप बुधवार को दिल्ली से वापस जगदलपुर आगमन के दौरान उनका चारामा से जगदलपुर तक जबर्दस्त स्वागत हुआ। उनका काफिला रायपुर से जैसे ही बोरगांव पहुंचा तो वहां विहीप के जिलाध्यक्ष हरि साहू के नेतृत्व में विहीप और बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने गाजे-बाजे और फूलमालाओं के साथ जोशीला स्वागत किया। इस दौरान बनवासी कश्यप जितेंद्र पाणीग्राही, गंजामिन बघेल रामचंद्र पुजारी, लयबान नायक, विद्या सेठिया, तुलसी भारती, दशरथ नाग, नील कुमार बघेल, बबलू कश्यप, आनंद कश्यप, नर्सिंग भारती, लक्ष्मीनाथ देवांगन, घुमराज कश्यप, बलराम, लखमु, महेंद्र सेठिया, नीलांबर सेठिया, कृष्णा सेठिया, युधिष्ठिर पांडे, लकीधर बघेल, राम केसरी गोयल, अमल बेस, चेतू कश्यप और क्षेत्र के सेंट बजरंग भारतीय जनता पार्टी एवं सनातनी समाज के बड़ी संख्या में कर्मकर्ताओं सम्मिलित थे।*



*बस्तर। नवनिर्वाचित सांसद महेश कश्यप का बस्तर प्रथम आगमन पर बस्तर मंडल के भाजपा कार्यकर्ताओं ने गाजे बाजे के साथ बस स्टैंड में भव्य स्वागत किया।*

# ग्रामीणों के बीच पहुंचे विधायक सीधे संवाद कर जानी समस्यायें



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व विधायक किरण देव ने मंगलवार को शाम नगरनार मंडल के ग्राम मारकेल एवं माड़पाल का दौरा किया। ग्रामीणों से भेंट मुलाकात कर उनकी समस्याओं से अवगत हुये व साथ ही मेला मंडई में भी शामिल होकर ग्राम देवी देवताओं की पूजा अर्चना कर क्षेत्र की सुख एवं समृद्धि की कामना किया। मारकेल एवं माड़पाल क्षेत्र के ग्रामीणों से सीधे संवाद में सामने आयी ग्रामीण क्षेत्र की समस्याओं के अविलंब निराकरण के निर्देश भाजपा प्रदेश अध्यक्ष देव ने मौके पर दिये। वही संबंधित जनप्रतिनिधि एवं जनता ने क्षेत्र के विकास के संबंध में विधायक के समक्ष अपनी मांगे रखी, जिस पर विधायक ने उचित मांगों को जल्द से जल्द पूरा करने का आश्वासन दिया। विधायक का जगह-जगह ग्रामीण जनों ने भव्य स्वागत बस्तरिया पांरपरिक रूप से किया। इस मौके पर देव ने कहा कि जनता के आशीर्वाद से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र में तीसरी बार सरकार बनी। प्रदेश में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का सुशासन हैं। बस्तर सहित छत्तीसगढ़ के समग्र विकास में कोई कमी आने नहीं दी जाएगी ग्रामीण क्षेत्र की समस्याओं एवं मांगों को प्राथमिकता से लेकर दूर करने का प्रयास किया जाएगा। इस दौरान भाजपा जिला महामंत्री रामाश्रय सिंह, नगरनार मंडल अध्यक्ष सुब्रतो विश्वास, राजेश श्रीवास्तव सहित क्षेत्र के जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीण जन उपस्थित थे।

### जूडो प्रतियोगिता में बस्तर से 19 खिलाड़ी होंगे शामिल



**जगदलपुर।** 24वीं छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय जूडो प्रतियोगिता बालक एवं बालिका का आयोजन 15 से 17 जून तक भिलाई में किया जा रहा है। जिसमें बस्तर से 19 खिलाड़ी, 3 अधिकारी कुल 22 सदस्यों की टीम प्रतियोगिता में सम्मिलित होगी। छत्तीसगढ़ प्रदेश जूडो संघ के तत्वाधान में दुर्ग जिला जूडो संघ द्वारा 24वीं छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय जूडो प्रतियोगिता बालक एवं बालिका का आयोजन 15 से 17 जून तक अंबेडकर सामुदायिक भवन बैकुंठ धाम शारदापारा कैंप 2 भिलाई जिला दुर्ग में आयोजित की जा रही है। राज्य स्तरीय जूडो प्रतियोगिता में राज्य के विभिन्न जिलों से लगभग 350 जूडो बालक एवं बालिका खिलाड़ी तथा 50 अधिकारी भाग लेंगे। उक्त प्रतियोगिता में कोच अब्दुल मोईन के नेतृत्व में बस्तर के जूडो खिलाड़ी भी भाग लेंगे। बालिका वर्ग में अनवी जैन, सुरभि यादव, शानिका मिश्रा, गीताक्षि श्रीवास, श्रुति शर्मा, पुष्पांजलि नाग, बालक वर्ग में एलेक्स कुमार, प्रशांत शार्दूल, वेदांत श्रीवास, प्रथम सिंह ठाकुर, कोकब जमाल, टिकेश्वर साहू, मुसेफ गाजी, यशवंत पाण्डे, राघव बत्रा, कृष्णा कुमार, जतिन यादव, गोपाल शार्दूल, मनोनीत का चयन राज्य स्तरीय जूडो प्रतियोगिता के लिये किया गया है। सभी चयनित खिलाड़ियों को जिला जूडो संघ के अध्यक्ष किरण देव, राणा घोष, यशवर्धन राव, योगेंद्र पाण्डे, कविता ठाकुर, भुनेश्वर ठाकुर, नवीन कुमार, सुमन राव, मकसुदा हुसैन, शेलेन्द्र ठाकुर ने शुभकामनाएं दी हैं।

### जनता का ध्यान खींचने एमआईसी सदस्यों का इस्तीफा कांग्रेस का नया ड्रामा : आलोक

हारिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

विधानसभा और लोकसभा चुनाव में बुरी तरह हार चुकी कांग्रेस अब जनता का ध्यान आकर्षित करने के लिये नगर निगम में कांग्रेस के पूर्व एमआईसी सदस्यों का सामूहिक इस्तीफा देने का नया ड्रामा कर रही हैं। महापौर सहित कांग्रेस के 6 पार्षदों के भारतीय जनता पार्टी में शामिल होने के बाद नगर निगम में कांग्रेस अल्पमत में आकर सत्ता से बाहर हो चुकी है और ऐसे में मेयर इन कौंसिल भी स्वतः भंग हो चुकी है। निगम में भाजपा के सत्तासीन होने के बाद अब नई एमआईसी का गठन किया जाना शेष है, जो चुनावी आचार संहिता की वजह से अभी तक लंबित रहा। भाजपा के मोतीलाल नेहरू वार्ड पार्षद व जिला मीडिया प्रभारी आलोक अवस्थी ने कहा कि कांग्रेस की यह हरकत हास्यास्पद व सोचनीय है। कांग्रेस के पूर्व एमआईसी सदस्य पद में भी नहीं है और इस्तीफा देने की स्क्रिप्ट लिख कर नौटंकी रची जा रही है।



- नगर निगम में कांग्रेस के सत्ता से बाहर होने पर स्वत: भंग हो चुकी है एमआईसी

उन्होंने कहा कि कांग्रेस दावा कर रही है कि नगर निगम की शहर की आमजनता से जुड़ी सभी व्यवस्थायें बेपटरी और ध्वस्त हो गयी है। यहाँ बड़ा सवाल यह है कि पिछले नौ साल से अधिक समय से नगरनिगम में कांग्रेस सत्ता में थी, तो क्या कांग्रेस के नेतागण व पार्षद यह स्वीकार रहे हैं कि निगम की सभी व्यवस्थाओं को बिगाड़ने में उनका हाथ था और निगम के कामकाज को खराब करने की पूर्ण जिम्मेदार कांग्रेस ही है।

#### कांग्रेस को उनकी करनी का आईना

*अवस्थी ने कहा कि कांग्रेस को देश में, प्रदेश में और शहर की जनता ने भी नकार दिया है। हालिया लोकसभा चुनाव में शहर की जनता ने कांग्रेस को उनकी करनी का आईना दिखाया है और करीब 19000 मतों से भाजपा को अग्रणी रखा है। 6 माह पूर्व विधानसभा चुनाव में भी करारी हार कांग्रेस को मिली। वर्तमान में छत्तीसगढ़ में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का सुशासन है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व विधायक किरण देव के नेतृत्व में क्षेत्र के विकास व जनहित के काम तेज हुये हैं, जो निरंतर मूर्तरूप पा रहे हैं। कांग्रेस व उनके नेता ड्रामा व नौटंकी करना छोड़ कर जनता व शहर हित के काम में रूचि दिखायें, तभी उनका कुछ भला हो सकता है।*

### नए शिक्षा सत्र की शुरूआत शाला प्रवेश उत्सव के साथ मनाने के निर्देश

**दंतेवाड़ा।** सचिव, स्कूल शिक्षा विभाग, छत्तीसगढ़ शासन की अध्यक्षता में 10 जून को समस्त संभागीय संयुक्त संचालक, जिला शिक्षा अधिकारी, डाइट प्राचार्य, विकासखंड शिक्षा अधिकारी एवं खंड स्रोत समन्वयकों की विभागीय बैठक वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से रखा गया था। सचिव सिद्धार्थ परदेशी कोमल के द्वारा दिए निर्देशों के तारतम्य में जिले के कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत कुमार बिश्वरंजन के मार्गदर्शन में जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में 11 जून को जिले के समस्त विकास खंडों के शिक्षा अधिकारी, खंड स्रोत समन्वयक, सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी एवं समस्त संकुल समन्वयकों का बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में मुख्य रूप से सचिव स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा दिए गए निर्देशों के तहत नए शिक्षा सत्र की शुरूआत समस्त विद्यालयों में शाला प्रवेश उत्सव आयोजन, जन प्रतिनिधियों, वरिष्ठ नागरिकों को विशेष रूप से आमंत्रित करने, इस हेतु समस्त विद्यालयों में साफ सफाई, रंग रोगन, मरम्मत इत्यादि समस्त व्यवस्थाओं को पूर्ण करने, स्कूल खुलते ही प्रथम दिवस से ही छात्रों को मध्यान्ह भोजन देने हेतु आवश्यक तैयारी किए जाने हेतु निर्देशित किया गया। इसके अलावा जिले के 5 पीएम श्री विद्यालयों में शाला प्रवेश उत्सव विशेष रूप से मनाने हेतु कहा गया। साथ ही समस्त बालवाड़ियों में बच्चों को आकर्षक माहौल के साथ नए सत्र की शुरूआत किया जायेगा।

**तहसीलदार गीदम के न्यायालय मे मामला क्रमांकः 202405160500016**

विषयः- ब-121 सनः- 2023-2024

**मामले की श्रेणीः- राजस्व**

कारली प.ह.न. 00009[(हे.)]

पक्षकारों का विवरण- आवेदक पक्षकार : रामू राम ईछाम पिता/पति /विभाग- स्व. दुला राम पता- कारली अनावेदक पक्षकार-

**// ईश्तहार //**

एदत द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक : रामू राम ईछाम पिता /पति / विभाग- स्व. दुला राम पता- कारली जाति- मुरिया ग्राम- कारली के द्वारा इस न्यायालय में आवेदन सहित रजिस्ट्रार मृत्यु ग्राम पंचायत कारली द्वारा जारी अप्राप्यता प्रमाण पत्र, शपथ पत्र सहित आवेदन प्रस्तुत किये है कि आवेदक अपने (पिता) स्व. दुला राम की मृत्यु दिनांक 15/06/1995 को ग्राम- कारली में हुआ है। आवेदक अपने अपने (पिता) (पिता) स्व. दुला राम निवासी- कारली के नाम पर मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाना चाहती है।

उपरोक्त के सम्बन्ध में जिस किसी व्यक्ति/संस्था को किसी भी प्रकार का दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो ईश्तहार जारी दिनांक से 15 दिवस के भीतर स्वयं अथवा अपने विधिक प्रतिनिधि के माध्यम से दावा/आपत्ति इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते है। बाद में प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार का विचार नही किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 09/05/2024 को जारी किया जाता है।

मुहर

Asha Mourya
**कार्यपालिक मजिस्ट्रेट गीदम**





हार्दिक स्वागत...
विश्व हिन्दू परिषद धर्मो रक्षति रक्षितः
हार्दिक स्वागत...
विश्व हिन्दू परिषद धर्मो रक्षति रक्षितः
हार्दिक स्वागत...
माँ दंतेश्वरी की पावन धरा पर नवनिर्वाचित बस्तर सांसद
माननीय श्री महेश कश्यप जी
के प्रथम नगर आगमन पर
हार्दिक स्वागत, वंदन, अभिनंदन...
विश्व हिन्दू परिषद धर्मो रक्षति रक्षितः
हरि साहू
अध्यक्ष
विश्व हिन्दू परिषद, जिला बस्तर
वीरेन्द्र कच्छ
प्रखंड सह मंत्री, नगरनार
विश्व हिन्दू परिषद
अशोक देवांगन
प्रखंड उपाध्यक्ष
विश्व हिन्दू परिषद
शेखर देवांगन
प्रखंड उपाध्यक्ष
विश्व हिन्दू परिषद
जयसिंग राठौर
विश्व हिन्दू परिषद
आदर्श चंद
विश्व हिन्दू परिषद
नीटू साव
विश्व हिन्दू परिषद